Ph. 05949 - 282140

# राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय


## बाजपुर (ऊधमसिंह नगर) उत्तराखण्ड

website- www.gpgcbazpur.in email id- gdcbazpur@rediffmail.com

## CM Scholarship: Mukhymantri medhavi uchch Shiksha protsahan chhatravritti Yojana 2023-24

## Initiated by: Higher Education, Uttrakhand government Date- 12-01-2024

**A new scholarship Mukhyamantri Medhavi Uchcha Shiksha Protsahan Scholarship Scheme was started by the Uttarakhand government from the session 2023-24. Under this scheme, the amount was transferred to the accounts of the meritorious students securing first, second and third positions in all the classes through DBT. Under this scheme, scholarship was given to 18 meritorious students who got first, second and third position in Arts, Science and Commerce streams in first semester, third semester and third year of graduation, and 21 meritorious students who got first, second and third position in subjects namely History, Sociology, Political Science, Hindi Literature, Mathematics, Zoology and Botany in third semester of post-graduation.**



राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बाजपुर (ऊधम सिह नगर)

मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना 2023-24 में लाभान्वित छात्र छात्राओं की सूची

| S.N. | Name of the applicant | Father's Name | Class | Position |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Jyoti Kaur | Jogender singh | B. Com. Ist Sem | 1st |
| 2 | Surekha sehgal | Shyam sunder Sehgal | B. Com. Ist Sem | 2nd |
| 3 | SWATI CHANANA | SUNIL CHANANA | B. Com. Ist Sem | 3rd |
| 4 | AARJU | ALAUDDEEN | B. A. Ist Sem | 1st |
| 5 | Lokesh Chauhan | Babu singh | B. A. Ist Sem | 2nd |
| 6 | SHILPI | SATPAL | B. A. Ist Sem | 3rd |
| 7 | Sajal Yadav | Dr Suraj Pal Singh | B. Sc. Ist Sem | 1st |
| 8 | GEETA JOSHI | NAVEEN CHANDRA JOSH | B. Sc. Ist Sem | 2nd |
| 9 | Vibhuti Sharma | ARUN KUMAR SHARMA | B. Sc. Ist Sem | 3rd |
| 10 | Amar deep kaur | Paramjeet singh | B. Com. IIIrd Sem | 1st |
| 11 | Payal Bisht | Hari Singh Bisht | B. Sc. IIIrd Sem | 1st |
| 12 | Nisba Jahan | Ayub hasan | B. Sc. IIIrd Sem | 2nd |
| 13 | Tanisha Chandra | Pradeep Kumar Chandra | B. Com. 3rd Year | 1st |
| 14 | NISHA | KULVEER | B. A. 3rd Year | 2nd |
| 15 | Riya Singh | Emmanuel Singh | B. A. 3rd Year | 3rd |
| 16 | Khushi Tiwari | Vimlesh Kumar | B. Sc. 3rd Year | 1st |
| 18 | NEHA BHATT | BHAIRAV DUTT BHATT | B. Sc. 3rd Year | 2nd |
| 17 | GULNAAZ | ANWAAR HUSSAIN | B. Sc. 3rd Year | 3rd |
| 19 | Ranjeet Himank | Suresh Chandra | M.Sc. Math 3rd Sem | 1st |
| 20 | Reeti | Jagdeesh Pal | M.Sc. Math 3rd Sem | 2nd |
| 21 | Kunal Gupta | Om Prakash Gupta | M.Sc. Math 3rd Sem | 3rd |
| 22 | Neetu | Rajpal Singh | M.Sc.Botany 3rd Sem | 1st |
| 23 | Komal kamboj | Rajkumar kamboj | M.Sc. Botany 3rd Sem | 2nd |
| 24 | MANTASHA | ABDUL RAZZAQ | M.Sc. Zoology 3rd Sem | 1st |
| 25 | SHIVANI YADAV | RAVINDRA SINGH YADAV | M.Sc. Zoology 3rd Sem | 2nd |
| 26 | Himanshu Joshi | Basant Kumar Joshi | M.A. History 3rd Sem | 1st |
| 27 | Amandeep kaur | Lakhvinder singh | M.A. History 3rd Sem | 3rd |
| 28 | GEETA SHARMA | SATNARAYAN | M.A. Sociology 3rd Sem | 1st |
| 29 | SAISTA | MOHD ISRAR | M.A. Sociology 3rd Sem | 2nd |
| 30 | SHIVANI SAXENA | SARVESH KUMAR SAXENA | M.A. Pol. Science 3rd Sem | 1st |
| 31 | ARTI | BALWANT SINGH | M.A. Pol. Science 3rd Sem | 2nd |
| 32 | SONIKA | RAJENDRA | M.A. Pol. Science 3rd Sem | 3rd |
| 33 | GEETA | SHYAM LAL SINGH | M.A. Hindi 3rd Sem | 1st |
| 34 | ShatakShi Gupta | Sanjay Gupta | M.Com III Sem | I |
| 35 | Nitika Goyal | Ashok Goyal | M.Com III Sem | II |
| 36 | Anjali | Satpal Singh | M.Com III Sem | III |
| 37 | Pooja | Harishankar | M.A. History III Sem | II |
| 38 | Rashmi | Bhupendra Singh | M.A. Hindi III Sem | III |
| 39 | Sapna | Madan Singh | M.A III Sem Hindi | III |

प्राचार्य
राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
बाजपुर (ऊ०सिं० नगर) उत्तराखण्ड

16/02/2024
[छात्रवृत्ति प्रभारी]



4 दैनिक जागरण हल्द्वानी, 16 फरवरी, 2024

# पीजी कालेज के 33 विद्यार्थियों को 5.89 लाख रुपये छात्रवृत्ति आवंटित

- सीएम मेधावी उच्च शिक्षा प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना से मिला लाभ
- डीबीटी के माध्यम से विद्यार्थियों को प्राप्त हुई पहली किस्त की धनराशि

**संस, बाजपुर :** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में उत्तराखंड शासन द्वारा सत्र 2023-24 में मुख्यमंत्री मेधावी उच्च शिक्षा प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत 33 विद्यार्थियों को डीबीटी के माध्यम से 589000 रुपये की धनराशि प्रथम किस्त के रूप में आवंटित कर दी गई है।

योजना के अंतर्गत स्नातक प्रथम व तृतीय सेमेस्टर एवं तृतीय वर्ष के कला, विज्ञान, वाणिज्य संकाय में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले 18 मेधावी विद्यार्थियों तथा स्नातकोत्तर तृतीय सेमेस्टर में विषयवार इतिहास, समाजशास्त्र, राजनीति विज्ञान, हिंदी, गणित, जंतु विज्ञान एवं वनस्पति विज्ञान में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले कुल 15 मेधावी छात्राओं को छात्रवृत्ति हस्तांतरित की गई। महाविद्यालय की छात्रवृत्ति प्रभारी डा. मनुहार आर्य ने बताया कि शासन से प्राप्त शासनादेश एवं शिक्षा उच्च शिक्षा निदेशालय से प्राप्त दिशा-निर्देशों के आधार पर बरीयता सूची तैयार कर प्रथम चरण में 33 मेधावी विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति हस्तांतरित की गई है।



राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बाजपुर • जागरण

द्वितीय चरण में स्नातकोत्तर वाणिज्य तृतीय सेमेस्टर सहित पांच विद्यार्थियों को धनराशि आवंटित करने हेतु बिल कोषागार में भेज दिए गए हैं। इस प्रकार महाविद्यालय के कुल 38 मेधावी विद्यार्थियों ने इस छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत लाभान्वित हुए हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. केके पांडे ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए नियमित रूप से कक्षाओं में उपस्थित रहकर कठिन परिश्रम करने के लिए प्रेरित किया। छात्रवृत्ति प्रभारी द्वारा छात्रवृत्ति समिति के सदस्य डा. सूरजपाल सिंह, डा. ललित, रईस अहमद, संदीप कुमार के साथ ही समस्त विभाग प्रभारियों तथा कार्यालय में मुख्य प्रशासनिक अधिकारी सुभाष चंद्र, कनिष्ठ लिपिक दिनेश कुमार का इस कार्य में सहयोग देने के लिए आभार जताया है।

amarujala.com
शुक्रवार, 16 फरवरी 2024 6

## 33 मेधावियों को मिली छात्रवृत्ति

**बाजपुर।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मुख्यमंत्री मेधावी उच्च शिक्षा प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना के तहत 33 विद्यार्थियों को 5,89,000 रुपए की राशि प्रथम किस्त के रूप में आवंटित की गई। छात्रवृत्ति प्रभारी डॉ. मनुहार आर्य ने बताया कि उच्च शिक्षा निदेशालय के निर्देशानुसार वरीयता सुची तैयार कर प्रथम चरण में 33 छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति हस्तांतरित की गई है। द्वितीय चरण में पांच विद्यार्थियों को राशि आवंटित करने के लिए बिल कोषागार भेज दिए गए है। वहां प्राचार्य डॉ. केके पांडे, डॉ. सूरजपा, डॉ. ललित, रईस अहमद, संदीप कुमार, सुभाष चंद्र, दिनेश कुमार आदि मौजूद रहे। संवाद

उत्तर उजाला 5 शुक्रवार 16 फरवरी, 2024

# मेधावी छात्रवृत्ति योजना में 38 विद्यार्थी लाभान्वित

**बाजपुर।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बाजपुर में शासन द्वारा सत्र 2023-24 में मुख्यमंत्री मेधावी उच्च शिक्षा प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत 38 छात्र-छात्राओं को लाभान्वित किया गया।

महाविद्यालय की छात्रवृत्ति प्रभारी डॉ. मनुहार आर्य ने बताया कि डीबीटी के माध्यम से 5,89000 रुपये प्रथम किस्त के रूप में आवंटित कर दी गई है। बताया कि इस योजना के अंतर्गत स्नातक प्रथम सेमेस्टर, तृतीय सेमेस्टर एवं तृतीय वर्ष के कला, विज्ञान व वाणिज्य संकाय में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले 18 मेधावी विद्यार्थियों तथा स्नातकोत्तर तृतीय सेमेस्टर में विषयवार इतिहास, समाजशास्त्र, राजनीति विज्ञान, हिंदी, गणित, जंतु विज्ञान एवं वनस्पति विज्ञान में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले कुल 15 मेधावी छात्राओं को छात्रवृत्ति हस्तांतरित की गई। डॉ. मनुहार आर्य ने बताया कि शासनादेश एवं शिक्षा उच्च शिक्षा निदेशालय से प्राप्त दिशा निर्देशों के आधार पर वरीयता सूची तैयार कर प्रथम चरण में 33 मेधावी छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति हस्तांतरित की गई है। द्वितीय चरण में स्नातकोत्तर वाणिज्य तृतीय सेमेस्टर सहित पांच विद्यार्थियों को धनराशि आवंटित करने हेतु बिल कोषागार में भेज दिए गए हैं। इस प्रकार महाविद्यालय के कुल 38 मेधावी छात्र छात्राएं इस छात्रवृत्ति योजना में लाभान्वित हुए हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर केके पांडे ने मेधावी छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए नियमित रूप से कक्षाओं में उपस्थित रहकर कठिन परिश्रम करने हेतु प्रेरित किया। छात्रवृत्ति प्रभारी द्वारा छात्रवृत्ति समिति के सदस्य डॉ. सूरजपाल सिंह, डॉ. ललित, रईस अहमद, संदीप कुमार, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी सुभाष चंद्र, कनिष्ठ लिपिक दिनेश कुमार का इस कार्य में सहयोग देने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया गया।